कार्यालय उप वन संरक्षक, बारां

E-mail-dcf.brn.forest@rajasthan.gov.in , Tel.No.. 07453&230244

क्रमांक0 एफ ( )/एफ.सी.ए./ उ.व.स./2023–24/ 5489 दिनांक 3/5/24

निमित्तः– संभागीय मुख्य वन संरक्षक,
कोटा।

विषय :– शाहबाद से राजपुर सडक निर्माण के वन भूमि प्रत्यावर्तन के संबंध में ।

Proposal no.FP/RJ/ROAD/30083/2017 (4.00ha)

संदर्भः– अतिःप्रधान मुख्य वन संरक्षक,प्रोटेक्शन एवं नोडल अधिकारी (एफ.सी.ए) राजस्थान जयपुर के पत्र कमांक 7304 दिनांक 23.08.2023 एवं अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड शाहबाद का कमांक 1027 दिनांक 13.12.2023 के कम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि शाहबाद से राजपुर सडक निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। उक्त सडक सघन वन क्षेत्र में से होते हुए प्रस्तावित किया गया है। वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह से बन्द है। केवल पैदल आवागमन हेतु मार्ग है। जो कि प्रचलन में नही है। प्रस्तावित मार्ग में तीव्र मोड (हेयरपिन मोड) है तथा यह मार्ग दुर्गम घाटीयो से होकर गुजरता है। अगर इसमें कार्य किया जाता है तो भूस्खलन का खतरा रहेगा तथा जानमाल की हानि होने की संभावना है। प्रस्तावित मार्ग के सर्वेक्षण में यह भी ज्ञात हुआ है कि यह वन क्षेत्र दुर्लभ वन्यजीवो का वास है। हाल ही में कूनो राष्ट्रीय वन्यजीव अभ्यारण में लाया गया चीता इस वन क्षेत्र में विचरण करते हुए पाया गया है।

प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वैकल्पिक मार्ग का सही से परीक्षण नही किया गया है। प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा भ्रामक मार्ग प्रस्तुत किये गये हैं। जबकि पूर्व से ही शाहबाद राजपुर वाया मुण्डियर होते हुए डामरीकृत सडक प्रचलन में है जिसकी लम्बाई लगभग 20 कि.मी है। वैकल्पिक प्रचलित डामरीकृत पक्की सडक पहले से उपलब्ध होने के कारण सघन जंगल / घाटीयों से गुजरता हुआ नया मार्ग बनाना अनावश्यक है।

अतः प्रस्तावित मार्ग अनावश्यक प्रकृति का होने के कारण निरस्त करने की अनुशंषा की जाती है।

O/C (अनिल यादव)
उप वन संरक्षक
बारां

क्रमांक0 एफ ( )/एफ.सी.ए./उ.व.स./20223 –24/ 5490–92 दिनांक 3/5/24

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1.अतिःप्रधान मुख्य वन संरक्षक,प्रोटेक्शन एवं नोडल अधिकारी (एफ.सी.ए) राजस्थान जयपुर।
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक, एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक राज0 जयपुर।
3 अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड शाहबाद।

O/C (अनिल यादव)
उप वन संरक्षक
बारां

Scanned with CamScanner